**अच्छी खबर** | नई कंपनी यूपीरेव ने चार्जिंग स्टेशनों पर काम शुरू किया, विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करेगी कंपनी

# हाइवे, एक्सप्रेसवे पर बनेंगे ई-चार्जिंग स्टेशन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी रिन्यूवेबिल एंड ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. (यूपीरेव) के माध्यम से नेशनल हाइवे, एक्सप्रेस-वे के साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की अन्य प्रमुख सड़कों के किनारों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछेगा। हाल में गठित कंपनी यूपीरेव द्वारा कंपनी की अपने चार्जिंग स्टेशन के साथ ही फ्रेंचाइजी के स्तर पर भी चार्जिंग स्टेशन खोलने का वृहद प्लान प्रस्तुत किया जाएगा। बिजली विभाग के अधीन बनाई गई इस कंपनी का प्रबंध निदेशक यूपीनेडा के एमडी अनुपम शुक्ला को बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए यूपीरेव को नोडल एजेंसी नामित किया है। ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास व रखरखाव करेगी कंपनीः उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन और सहयोगी बिजली कंपनियों के पास पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में जमीन के साथ ही इलेक्ट्रिक इन्फ्रास्ट्रक्चर मौजूद है।



यूपीरेव कंपनी का मुख्य कार्य इलेक्ट्रिकल वाहनों को बढ़ावा देने के लिए चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना करना और कराना है। स्टेशन पर काम हो रहा है।

**डा. आशीष कुमार गोयल, चेयरमैन**

## कंपनी ने जमीन के लिए शुरू की बातचीत

यूपीरेव द्वारा चार्जिंग स्टेशन खोलने के संबंध में परिवहन विभाग, नेशनल हाइवे अथारिटी, यूपीडा आदि से बातचीत शुरू कर दी गई है। नेशनल हाइवे, यूपीडा, परिवहन विभाग आदि के पास जमीन की उपलब्धता जानने की कोशिशें की जा रही हैं। चार्जिंग स्टेशन के लिए दूसरे प्रदेशों की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी किया जा रहा है। यह देखा जा रहा है कि प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या में जिस गति से इजाफा हो रहा है उसके लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर किस स्तर तक विकसित किया जाना चाहिए। सूत्र बताते हैं कि एक महीने के अंदर चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना से संबंधित विस्तृत कार्ययोजना प्रदेश सरकार को दे दिया जाएगा। कार्ययोजना पर सरकार की तरफ से आने वाले अन्य सुझावों को जोड़ते हुए इसे धरातल पर उतारने का काम किया जाएगा।